भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 824

जिसका उत्तर 23.07.2026 को दिया जाना है

वडकरा में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना की स्थिति

†824. श्री शफी परम्बिल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाओं, विशेष रूप से वड़करा से होकर गुजरने वाले खंड की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने परियोजना के पूरा होने में हो रहे विलंब का संज्ञान लिया है और यदि हां, तो भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियों, संविदात्मक मुद्दों या अन्य कारकों के कारण हुई देरी सहित इसके क्या कारण हैं;

(ग) वर्तमान निष्पादन चरण के साथ-साथ परियोजना को पूरा करने की मूल और संशोधित समय-सीमाएं क्या हैं;

(घ) परियोजना के लिए अब तक स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा कार्य में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और वड़करा खंड में राजमार्ग परियोजना के पूरा होने की संभावित तिथि क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ग) वडकरा निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाली परियोजनाओं का विवरण संलग्न है।

(ख) प्रतिकूल मौसम की स्थिति, दीर्घकालीन मानसून, कई जन विरोध प्रदर्शनों और जन प्रतिनिधियों द्वारा अंडरपास, ओवरपास, फुट ओवरब्रिज (एफओबी) और वायडक्ट जैसी अतिरिक्त सुविधाओं की मांगों के कारण परियोजना की प्रगति प्रभावित हुई है। इसके अतिरिक्त, एनएच-66 पर फ्लाईओवर और वाहन अंडरपास के पहुंच में प्रबलित मृदा (आरएस) दीवार के विफल होने के मामले सामने आए हैं। डिज़ाइन और निर्माण मापदंडों की समीक्षा के आधार पर और केरल के तटीय क्षेत्र में मिट्टी की विशिष्ट परिस्थितियों को देखते हुए, यह निर्णय लिया गया है कि फ्लाईओवर की लंबाई बढ़ाई जाए और आरएस दीवार की ऊंचाई को स्थानानुसार कम किया जाए।

(घ) इस परियोजना की कुल स्वीकृत पूंजीगत लागत 3898 करोड़ रुपये है और इस पर व्यय राशि 2407 करोड़ रुपये है।

(ङ) सरकार ने सभी चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए एक सुदृढ़ ढांचा स्थापित किया है। इसमें परियोजना स्थल से लेकर सरकार के सर्वोच्च प्राधिकरण तक कई स्तरों पर समीक्षा शामिल है, जिसमें राज्य सरकार सहित सभी हितधारक शामिल हैं।

रियायतग्राही ने परियोजना की 40.8 किमी लंबाई में से 31.2 किमी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है। परियोजना का 6 किमी हिस्सा कार्यक्षेत्र परिवर्तन (सीओएस) के तहत स्वीकृत अतिरिक्त अवसंरचनाओं से प्रभावित है।

वड़करा में परियोजना की 6 किलोमीटर लंबाई को पूर्ण करने की संशोधित तिथि 31.03.2028 है।

'वडकरा में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना की स्थिति' के संबंध में श्री शफी परम्बिल द्वारा दिनांक 23 जुलाई, 2026 को पूछे गए लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 824 के भाग (क) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्र.सं.	**परियोजना खंड**	**कुल लंबाई (किमी)**	**निर्धारित समापन तिथि**	**वास्तविक प्रगति (%)**	**पूर्ण होने की निर्धारित/संशोधित तिथि**
1	थलापडी से चेंगला तक 6 लेन	39	15-05-2024	100	पीसीसी दिनांक 25.08.2025 से प्रभावी रूप से जारी की गई।
2	चेंगला-नीलेश्वरम का 6 लेन	37.3	11.04.2024	91	31.03.2027
3	नीलेश्वरम-थालिप्परम्बा का 6 लेन	40.1	11.04.2024	87	31.03.2027
4	थालिपरम्बा-मुझापिलांगडु का 6लेन	29.9	26.05.2024	84	30.04.2028
5	अझियूर-वेंगलम का 6 लेन	**40.8**	**26.04.2024**	**68**	**30.03.2028**
6	कोझिकोड बाईपास का 6 लेन	28.4	21-02-2023	99	पीसीसी दिनांक 09.10.2025 को जारी की गई।
7	रामनट्टुक्कारा जंक्शन से वलंचेरी बाईपास की शुरुआत तक 6 लेन	39.7	19-07-2024	100	पीसीसी दिनांक 18.07.2025 को जारी की गई।
8	वैलंचेरी बाईपास से कप्पिरिक्कड तक 6 लेन	37.4	19-07-2024	100	पीसीसी दिनांक 17.07.2025 को जारी की गई।
9	कप्पिरिक्कड़-थलिककुलम का 6 लेन	33.2	26.02.2025	95	30.06.2027
10	थालिककुलम-कोडुंगल्लूर का 6 लेन	28.7	14.03.2025	94	30.06.2027

11	कोडुंगल्लूर-एडापल्ली का 6 लेन	26	21.04.2025	71	31.05.2027
12	अरूर-थुरवूर का 6लेन एलिवेटेड हाईवे	12.8	31.01.2026	91	06.01.2027
13	थुरवूर-परवूर का 6 लेन	38.4	14.09.2024	81	31.05.2027
14	परावूर-कोट्टुकुलंगारा का 6 लेन	37.5	24.02.2025	77	30.11.2027
15	कोट्टुकुलंगरा -कोल्लम बाईपास की शुरुआत का 6लेन	31.5	08.10.2024	77	31.12.2027
16	कोल्लम बाईपास-कदमबत्तुकोणम की शुरुआत का 6लेन	31.3	31.03.2025	96	30.06.2027
17	कदंबत्तुकोणम-कज़ाकुट्टम का 6 लेन	29.8	18.01.2025	77	30.04.2027
18	तिरुवनंतपुरम बाईपास खंड में 4 ब्लैकस्पॉट/दुर्घटना स्थलों का सुधार	2.4	21.08.2025	41	31.05.2027
19	वालयार से अंगामली तक फैले 17 ब्लैकस्पॉट का सुधार	17.3	31.03.2028	2.5	31.03.2028
20	वालयार-अंगमाली मार्ग में वर्ष 2023-24 की वार्षिक सड़क सुरक्षा योजना के अंतर्गत 11 ब्लैक स्पॉट/दुर्घटना स्थलों का सुधार।	12.1	10.09.2025	63	31.12.2026
21	थलस्सेरी माहे बाईपास में 184.850 किमी पर अंडरपास का निर्माण और अन्य विविध कार्य।	1.1	20.05.2026	65	31.05.2027
22	मौजूदा एनएच-85 का चौड़ीकरण/विकास	124.6	25-06-2025	67	31.03.2027

*****